कार्यालय अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।

संख्याः–281 / FP/UK/ROAD/23185/2016 देहरादूनः दिनांक 27 जुलाई , 2018

सेवा में,

सचिव,
वन एवं पर्यावरण अनुभाग–4,
उत्तराखण्ड शासन।

विषयः–जनपद–बागेश्वर में मोनियॉभ्योल–गुमची–भनार–भूमियागाड़–धार की टोली–सब्जी–भेंसखाल–भोलथल तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 4.259 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।
(FP/UK/ROAD/23185/2016)

महोदय,

उपरोक्त विषयक वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव शासन को ऑनलाइन प्रेषित किया गया है। उक्त प्रस्ताव की हार्ड कॉपी आवश्यक अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु संलग्न कर विशेष पत्र वाहक के माध्यम से प्रेषित की जा रही है। अतः **जनपद–बागेश्वर में मोनियॉभ्योल–गुमची–भनार–भूमियागाड़–धार की टोली–सब्जी–भेंसखाल–भोलथल तक मोटर मार्ग** के प्रस्ताव पर सैद्धान्तिक स्वीकृति प्राप्त करने हेतु भारत सरकार को प्रेषित करने का कष्ट करें।
संलग्नः उपरोक्तानुसार

भवदीय,

(मनोज चन्द्रन)
मुख्य वन संरक्षक

संख्या /1जी– **FP/UK/ROAD/23185/2016** तददिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अपर प्रमुख वन संरक्षक भारत सरकार पर्यावरण, वन एंव जलवायू परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय, (उत्तर–मध्य क्षेत्र), 25 सुभाष रोड़, देहरादून को प्रस्ताव की मूल प्रति पार्ट । से IV तक संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।
2. प्रमुख वन संरक्षक, उत्तराखण्ड।
3. मुख्य वन संरक्षक कुमाऊँ, नैनीताल।
4. वन संरक्षक, उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, अल्मोड़ा।
5. जिलाधिकारी, जनपद–बागेश्वर।
6. प्रभागीय वनाधिकारी, बागेश्वर वन प्रभाग, बागेश्वर।
7. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बागेश्वर।

(मनोज चन्द्रन)
मुख्य वन संरक्षक

भाग–IV

(नोडल अधिकारी अथवा प्रधान मुख्य वन संरक्षक अथवा अध्यक्ष, वन विभाग द्वारा भरे जाने के लिये)

परियोजना का नामः–जनपद–बागेश्वर में मोनियॉम्भ्योल–गुमची–भनार–भूमियागाड़–धार की टोली–सब्जी–भेंसखाल–भोलथल तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु **4.259** हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।
(FP/UK/ROAD/23185/2016)

टिप्पणी के साथ प्रस्ताव को स्वीकार करने या अन्यथा के लिये राज्य वन विभाग की विस्तृत राय और निर्दिष्ट सिफारिशें। (राय देते समय, सम्बन्धित वन संरक्षक अथवा उप वन संरक्षक की प्रतिकूल टिप्पणी की सुस्पष्ट समीक्षा की जाय और विवेचनात्मक टिप्पणी दी जाय):

उपरोक्त योजना हेतु बागेश्वर वन प्रभाग में (वज्यूला कक्ष संख्या 01–0.774 हे0 एवं कक्ष संख्या 02–**1.107** हे0) कुल **1.901** हे0 आरक्षित वन भूमि, **1.382** हे0 राजस्व वन भूमि एवं **0.976** हे0 पंचायत वन भूमि अर्थात कुल **4.259** हे0 का वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्तावित है, जिसका अवलोकन करने पर पाया गया कि उपरोक्त परियोजना के निर्माण हेतु वन भूमि का सम्मिलित होना अनिवार्य है। प्रभागीय वनाधिकारी, बागेश्वर वन प्रभाग, बागेश्वर तथा वन संरक्षक, उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, अल्मोड़ा द्वारा भी प्रस्ताव पर अपनी संस्तुति की गई है। अतः **बागेश्वर में मोनियॉम्भ्योल–गुमची–भनार–भूमियागाड़–धार की टोली–सब्जी–भेंसखाल–भोलथल तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु** प्रस्ताव पर सैद्धान्तिक स्वीकृति प्राप्त करने हेतु राज्य सरकार को प्रेषित करने की संस्तुति की जाती है।

हस्ताक्षरः
नाम व पदनामः (मनोज चन्द्रन भा.व.से.)
मुख्य वन संरक्षक

सरकारी मोहरः
तिथि : 27 / 07 / 2018
स्थान : देहरादून